Total No. of Questions : 5

Total No. of Printed Pages : 3

Roll No. ..................................

# JD-101

## M.Com., I Semester Examination, December-January : 2025-2026

## MANAGERIAL ECONOMICS

### Paper - I

*Time* : Three Hours]

[*Maximum Marks* : 80

[*Minimum Pass Marks* : 16

---

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के **अंक समान** हैं।

**Note :** Answer **all** questions. All questions carry **equal marks**.

---

### इकाई–I / Unit–I

1. प्रबंधकीय अर्थशास्त्र की प्रकृति और क्षेत्र का वर्णन कीजिए तथा व्यावसायिक निर्णयों में आर्थिक विश्लेषण के महत्त्व का विवेचन कीजिए।

Discuss the nature and scope of Managerial Economics and discuss the significance of economic analysis in business decisions.

**अथवा / OR**

''आधुनिक फर्म के बहुत से उद्देश्यों के बीच लाभ अधिकतमीकरण अभी भी सबसे महत्त्वपूर्ण है।'' समीक्षा कीजिए।

"Among the multiplicity of objectives that a modern firm has profit maximisation continues to be the most important." Comment.

### इकाई–II / Unit–II

2. प्रबंधकीय अर्थशास्त्र में फर्म का आर्थिक सिद्धांत लागू क्यों नहीं होता है?

Why Economic theory of the firm does not apply in Managerial Economics?

**अथवा / OR**

संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

i) काल विचार अवधारणा

ii) कटौति की अवधारणा

iii) सम-सीमांत विश्लेषण की अवधारणा

iv) वृद्धिशील अवधारणा

Write short note on the following :

i) Concept of Time perspective

ii) Concept of Discounting

iii) Concept of Equi-marginal Analysis

iv) Incremental Concept

## इकाई–III / Unit–III

3. माँग के नियम का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए। माँग वक्र का ढाल सदैव नीचे दाहिनी ओर क्यों होता है?

Critically examine the law of Demand. Why demand curves slopes downward to the right?

**अथवा / OR**

माँग के नियम तथा माँग के नियम में अंतर स्पष्ट कीजिए। माँग की लोच को मापने की मुख्य विधियों की विवेचना कीजिए।

Distinguish between Law of Demand and Elasticity of Demand. Discuss the main methods adopted to measure the elasticity of demand.

## इकाई–IV / Unit–IV

4. उदासीनता वक्र की मान्यताओं एवं विशेषताओं को बताइए।

What are the assumptions underlying and the properties of an Indifference curve?

**अथवा / OR**

माँग के पूर्वानुमान से क्या तात्पर्य है? स्थापित वस्तुओं के माँग पूर्वानुमान की विभिन्न विधियों की समीक्षा कीजिए।

What is the meaning of demand forecasting? Discuss critically the different methods of forecasting demand for established products.

## इकाई-V / Unit-V

5. बड़े पैमाने के उत्पादन से आप क्या समझते हैं? बड़े पैमाने के उत्पादन की बचतों की व्याख्या कीजिए।

What do you understand by large scale production? Explain the economics of large scale production.

अथवा / OR

'पैमाने के प्रतिफल' के विचार से आप क्या समझते हैं? 'पैमाने के बढ़ते हुए प्रतिफल', 'पैमाने के स्थिर प्रतिफल' तथा 'पैमाने के घटते हुए प्रतिफल' को समझाइए।

What do you understand by the concept of 'return to scale'? Explain 'increasing returns to scale', 'constant returns to scale' and 'decreasing returns to scale'.

❑❑❑❑

*Roll No.* ..................................

# JD-102

## M.Com., I Semester Examination, December-January : 2025-2026

## ADVANCED ACCOUNTING

### Paper - II

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 80

---

**नोट : सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के **अंक समान** हैं।

**Note :** Answer **all** questions. All questions carry **equal marks**.

---

### इकाई–I / Unit–I

1. ऋणपत्रों के शोधन से आप क्या समझते है? ऋणपत्रों के शोधन की विधियों को समझाइए।

   What do you understand by redemption of debentures? Describe methods of redemption of debentures.

**अथवा / OR**

एक कंपनी ने ₹100 वाले 1,000 समता अंश जनता को प्रस्तुत किये, राशि निम्नानुसार देय थी।

i) आवेदन पर ₹30 (₹10 प्रब्याजि सहित)

ii) आवंटन पर ₹50

iii) प्रथम एवं अंतिम याचना पर ₹30

₹3,000 अंशों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए। 1,000 अंशों के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों को अस्वीकार कर दिया गया और आवेदन राशि लौटा दी गई, शेष आवेदकों को यथानुपात आवंटन किया गया और आवेदन पत्रों का अतिरिक्त धन आवंटन में प्रयुक्त किया गया।

'X' जिसे 100 अंशों का आवंटन किया गया था, ने आवेदन के अलावा कोई राशि नहीं चुकायी। अंशों का निर्गमन पूर्ण हुआ और शेष आवेदकों ने अपनी राशि देय होने पर चुका दी।

एक्स के अंश जब्त कर लिये गये और ₹50 प्रति अंश के हिसाब से Y को पूर्णदत्त निर्गमित कर दिये गए। पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

A company offered 1,000 equity shares of ₹100 each to the public. The amount was payable as follows:

i) ₹30 on application (Including ₹10 Premium)

ii) ₹50 on allotment

iii) ₹30 on first and final call.

Applications were received for ₹3,000 shares. Applications for 1,000 shares were rejected and application money refunded. The allotment was made pro-reta to the remaining applications excess application money being applied towards the amount due on allotment. 'X' to whom 100 shares were allotted did not pay any money except that with the application. The issue was completed and rest of applicants paid their amount when due.

Shares of 'X' were forfeited and re-issued to Y at ₹50 each as fully paid-up. Give Journal entries.

## इकाई–II / Unit–II

2. वित्तीय विवरण क्या है? आदर्श वित्तीय विवरण की विविध विशेषताओं को बताइए।

What is Financial statement? Discuss the various characteristics of ideal financial statement.

**अथवा / OR**

ऑटो पार्ट्स निर्माता कंपनी लि. ₹10,00,000 की अधिकृत पूँजी से रजिस्टर्ड हुई जो कि ₹10 वाले अंशों में विभाजित है जिसमें से 40,000 अंश निर्गमित व पूर्ण प्रदत्त है। 31 मार्च 2024 को तलपट इस प्रकार था।

| विवरण | विक. शेष | समा. शेष |
|---|---|---|
| | ₹ | ₹ |
| स्कंध 1 अप्रैल 2023 | 1,86,420 | - |
| क्रय एवं विक्रय | 7,18,210 | 11,69,900 |
| वापसियाँ | 12,680 | 9,850 |
| निर्माणी मजदूरी | 1,09,740 | - |
| निर्माणी विविध व्यय | 19,240 | - |
| आवक गाड़ी भाड़ा | 4,910 | - |
| 18% बैंक ऋण सुरक्षित | - | 50,000 |
| बैंक ऋण पर ब्याज | 4,500 | - |

| | | |
|---|---|---|
| कार्यालय वेतन एव व्यय | 17,870 | - |
| अंकेक्षण शुल्क | 8,600 | - |
| संचालकों का पारिश्रमिक | 26,250 | - |
| प्रारंभिक व्यय | 6,000 | - |
| फ्रीहोल्ड भवन | 1,64,210 | - |
| प्लांट एवं मशीनरी | 1,28,400 | - |
| फर्नीचर | 5,000 | - |
| खुले औजार | 12,500 | - |
| देनदार एवं लेनदार | 1,05,400 | 62,220 |
| हाथ में रोकड़ | 19,530 | - |
| बैंक में रोकड़ | 96,860 | - |
| अग्रिम कर का भुगतान | 84,290 | - |
| 1 अप्रैल 2023 को लाभ-हानि विवरण पत्र | - | 38,640 |
| अंश पूँजी | - | 4,00,000 |
| | **17,30,610** | **17,30,610** |

आपको निम्नलिखित समायोजनाओं को ध्यान में रखते हुए 31 मार्च 2024 को समाप्त हुए वर्ष का लाभ-हानि विवरण पत्र एवं उक्त तिथि का चिट्ठा बनाना है।

i) 31 मार्च 2024 को बकाया निर्माणी मजदूरी एवं बकाया वेतन क्रमशः ₹1,890 एवं ₹1,200 था, उसी तिथि को स्कंध का मूल्यांकन ₹1,24,840 एवं खुले औजार ₹10,000 थे।

ii) बैंक ऋण पर छह माह का ब्याज देना है।

iii) प्लांट एवं मशीनरी पर 15% की दर से एवं कार्यालय फर्नीचर पर 10% की दर से ह्रास लगाना है।

iv) प्रारंभिक व्ययों का 1/3 मांग अपलिखित करना है।

v) आयकर के लिए 50% का आयोजन बनाना है।

vi) संचालकों ने 31 मार्च 2024 को 15% लाभांश प्रस्तावित किया।

13.068% लाभांश का मानिए।

The Auto parts manufacturing Co. Ltd. was registered with an authorised capital of ₹10,00,000 divided into shares of ₹10 each of which 40,000 shares has been issued and fully paid. The following is the trial balance extracted on 31st March 2024.

| Particular | Dr. Balance ₹ | Cr. Balance ₹ |
|---|---|---|
| Stock as 1st April 2023 | 1,86,420 | - |
| Purchases and sales | 7,18,210 | 11,69,900 |
| Returns | 12,680 | 9,850 |
| Manufacturing wages | 1,09,740 | - |
| Sundry manufacturing expenses | 19,240 | - |
| Carriage inward | 4,910 | - |
| 18% Bank loan secured | - | 50,000 |
| Interest on Bank loan | 4,500 | - |
| Office salaries and expenses | 17,870 | - |
| Audit fees | 8,600 | - |
| Directors remuneration | 26,250 | - |
| Preliminary expenses | 6,000 | - |
| Freehold premises | 1,64,210 | - |
| Plant and Machinery | 1,28,400 | - |
| Furniture | 5,000 | - |
| Loose Tools | 12,500 | - |
| Debtors and Creditors | 1,05,400 | 62,220 |
| Cash in hand | 19,530 | - |
| Cash in Bank | 96,860 | - |
| Advance payment of tax | 84,290 | - |
| Statement of P & L on 1st April 2023 | - | 38,640 |
| Share capital | - | 4,00,000 |
| | **17,30,610** | **17,30,610** |

You are required to prepare statement of profit and loss for the year ended 31st March 2024 and a balance sheet as at that data after taking into consideration the following adjustments:

i) On 31st March 2024 outstanding manufacturing wages and outstanding office salaries stood at ₹1,890 and ₹1,200 respectively, on the same date, stock was valued at ₹1,24,840 and loose tools of ₹10,000.

ii) Provide for interest on bank loan for six months.

iii) Depreciation on plant and machinery is to be provided @15% while on office furniture it is to be @10%.

iv) Write off 1/3 of preliminary expenses.

v) Make a provision for income tax at 50%.

vi) The directors recommended a dividend @15% for the year ending 31st March 2024

Assume 13.068% dividend tax rate.

## इकाई–III / Unit–III

3. आंतरिक एवं बाह्य पुनःनिर्माण में अंतर बताइए। आंतरिक पुनःनिर्माण कब वांछनीय है?

Distinguish between internal and external reconstruction. When internal reconstruction is desirable?

**अथवा / OR**

अशोका कंपनी लि. का 31 मार्च 2024 का चिट्ठा निम्नानुसार है।

| विवरण | टिप्पणी सं. | राशि |
|---|---|---|
| I. समता एवं दायित्व | | |
| 1. अंशधारियों का कोष | | |
| i) अंश पूँजी | 1 | 1,20,000 |
| ii) संचय एवं अतिरेक | 2 | 1,000 |
| 2. अंश आवेदन राशि आवंटन लंबित | | NIL |
| 3. गैर चालू दायित्व | | NIL |
| 4. चालू दायित्व | | |
| व्यापारिक देय (लेनदार) | | 30,000 |
| | | **1,49,000** |

| | | |
|---|---|---|
| II. संपत्तियाँ | | |
| 1. गैर-चालू संपत्तियाँ | | |
| स्थायी संपत्तियाँ | | |
| मूर्त संपत्तियाँ | 3 | 1,40,000 |
| 2. चालू संपत्तियाँ | | |
| i) स्कंध | | 15,000 |
| ii) व्यापारिक प्राप्य (देनदार) | | 20,000 |
| iii) रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य | | 26,000 |
| | | **1,49,000** |
| लेखा संबंधी टिप्पणी : | | |
| विवरण | | राशि |
| i) अंश पूँजी | | |
| 1200 समता अंश ₹100 प्रति अंश | | 1,20,000 |
| | | **1,20,000** |
| ii) संचय एवं अतिरेक | | |
| लाभ-हानि विवरण पत्र | | 1,000 |
| | | **1,000** |
| iii) स्थिर संपत्तियाँ | | |
| मूर्त संपत्तियाँ | | |
| भूमि-भवन | | 90,000 |
| मशीनरी | | 50,000 |
| | | **1,40,000** |
| iv) रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य | | |
| बैंक में रोकड़ (बैंक अधिविकर्ष) | | 26,000 |
| | | **26,000** |

अशोका लि. कंपनी का समापन हो गया तथा संपत्तियाँ किशोरा कं. लि. को ₹1,47,000 में बेच दी गई, इसमें ₹57,000 नकद (जो लेनदारों अधिविकर्ष तथा ₹1,000 समापन व्यय चुकाने के लिए पर्याप्त था) और ₹90,000 किशोरा कंपनी लि. ₹10 वाले ₹7.50 प्रदत्त 12,000 अंशों के आवंटन द्वारा अशोका कं. लि. के अंशधारियों को देय है।

अशोका कं.लि. की पुस्तकों को बंद करने तथा किशोरा कं.लि. की पुस्तकों में इन व्यवहारों का खाता करने के लिए आवश्यक पूँजी प्रविष्टियाँ कीजिए। नयी कंपनी का चिट्ठा बनाइए।

The following is the balance sheet of Ashoka Co. Ltd. as on 31 March 2024.

| Particular | Note No. | Amount. |
|---|---|---|
| I. Equity and Liabilities | | |
| 1. Shareholders fund | | |
| i) Share capital | 1 | 1,20,000 |
| ii) Reserve and surplus | 2 | 1,000 |
| 2. Share app. pending allotment | | NIL |
| 3. Non current liabilities | | NIL |
| 4. Current liabilities | | |
| Trade payable (creditors) | | 30,000 |
| | | **1,49,000** |
| II. Assets | | |
| 1. Non current assets | | |
| Fixed Assets | | |
| Tangible assets | 3 | 1,40,000 |
| 2. Current assets | | |
| i) Stock | | 15,000 |
| ii) Trade receivable debtors | | 20,000 |
| iii) Cash and Cash equivalents | | 26,000 |
| | | **1,49,000** |
| Note of Account | | |
| Particular | | Amount |
| i) Share capital | | |
| 1200 equity share @₹100 each | | 1,20,000 |
| | | **1,20,000** |
| ii) Reserve & surplus | | |
| Profit and loss statement | | 1,000 |
| | | **1,000** |

| | | |
|---|---|---|
| iii) Fixed assets | | |
| Tangible assets | | |
| Land and buildings | | 90,000 |
| Machinery | | 50,000 |
| | | **1,40,000** |
| iv) Cash and cash equivalents | | |
| Cash at Bank (Bank over draft) | | 26,000 |
| | | 26,000 |

The company went into liquidation and the assets were sold to Kishora Company Ltd. for ₹1,47,000, Payable as to ₹57,000 in cash (which was sufficient to discharge the creditors and the bank overdraft and pay the costs of winding up ₹1,000) and as on ₹90,000 by the allotment of 12,000 shares of ₹10 each of Kishora company Ltd. ₹7.50 per share paid up to the shareholders of Ashoka company Ltd.

Close the books of Ashoka company Ltd. and give the necessary journal entries for recording the transactions in the books of Kishora Ltd. Also prepare balance sheet of new company.

**इकाई–IV / Unit–IV**

4. सूत्रधारी कंपनी एवं सहायक कंपनी का मिश्रित चिट्ठा बनाने के लिए आप निम्न की गणना कैसे करेंगे? उदाहरण सहित समझाइए।

i) नियंत्र की लागत

ii) अल्पमत अंशधारी हित

iii) अन्तर-कंपनी व्यवहार पर न वसूल हुआ लाभ

How do you compute the following while preparing consolidated Balance sheet of holding company and its subsidiary company? Explain with illustration.

i) Cost of control

ii) Minority interest

iii) Unrealized profit on inter-company transaction

**अथवा / OR**

X लि. और उसकी सहायक Y लिमिटेड के चिट्ठे नीचे दिये गये हैं।

| विवरण | X लि. | Y लि. |
|---|---|---|
| | ₹ | ₹ |
| I. समता एवं दायित्व | | |
| अंश पूँजी | | |
| ₹10 प्रति अंश | 1,00,000 | 40,000 |
| सामान्य संचय | 60,000 | - |
| लाभ-हानि विवरण पत्र | 25,000 | - |
| चालू दायित्व | | |
| लेनदार | 40,000 | 25,000 |
| | 2,25,000 | 65,000 |
| II. संपत्तियाँ | | |
| ख्याति | 20,000 | - |
| विविध संपत्तियाँ | 1,80,000 | 55,000 |
| 3000 Y लि. में अंश | 25,000 | - |
| लाभ-हानि का विवरण | - | 10,000 |
| | 2,25,000 | 65,000 |

Y लि. का लाभ-हानि विवरण X लि. द्वारा अंश खरीदे जाने की तिथि को ₹2,000 हानि दिखाता था। एकीकृत चिट्ठा तैयार कीजिए।

The balance sheets of X Ltd. and its subsidiary Y LTd. are given below.

| Particular | X Ltd. | Y Ltd. |
|---|---|---|
| | ₹ | ₹ |
| I. Equity & liabilities | | |
| Share Capital | | |
| per share ₹10 | 1,00,000 | 40,000 |
| General Reserve | 60,000 | - |
| Statement of P & L | 25,000 | - |
| Current Liability | | |
| Creditors | 40,000 | 25,000 |
| | 2,25,000 | 65,000 |

| | | |
|---|---|---|
| II. Assets | | |
| Goodwill | 20,000 | - |
| Sundry assets | 1,80,000 | 55,000 |
| 3000 shares in Y Ltd. | 25,000 | - |
| Statement of P & L | - | 10,000 |
| | 2,25,000 | 65,000 |

Statement of profit and loss of Y Ltd. showed a Balance of ₹2,000 loss on the date of acquisition of shares by X Ltd. Prepare consolidate Balance sheet.

## इकाई–V / Unit–V

5. समापन एवं विघटन में अंतर बताइए। समापन की विभिन्न रीतियों का वर्णन कीजिए।

Distinguish between winding-up and dissolution. Describe the different modes of winding-up.

**अथवा / OR**

एक सीमित दायित्व वाली कंपनी का ऐच्छिक समापन 31 मार्च 2024 को हुआ। इसकी चुकता पूँजी ₹5,00,000 थी। समापन की तिथि पर उसकी संपत्तियों एवं दायित्वों के निम्नांकित विवरण है :

मशीनरी, स्कंध और व्यापारिक प्राप्य (जिन पर पुस्तकीय मूल्य प्राप्त हो गया)₹3,95,000; रोकड़ ₹5,000, व्यापारिक देय 2,00,000; 6% ऋणपत्र ₹2,50,000 जिन्हें संपत्तियों पर चल प्रभार है, इन पर 6 माह का ब्याज अदत्त है।

ऋणपत्रों का भुगतान ब्याज सहित 30 सितम्बर 2024 तक का कर दिया गया। इसी तिथि पर व्यापारिक देय को भी प्रथम एवं अंतिम लाभांश का भुगतान कर दिया गया। ₹25,000 के पूर्वाधिकार व्यापारिक देय है और शेष अरक्षित हैं। समापन के व्यय ₹2,500 है। निस्तारक को वसूल किये हुए रूपयों पर 3% कमीशन मिलता है। और 2% कमीशन उस राशि पर मिलता है जो पूर्वाधिकार लेनदारों को छोड़कर शेष अरक्षित लेनदारों को दी जाती है। निस्तारक का अंतिम विवरण खाता बनाइए।

नोट : व्यापारिक देय (लेनदार है), व्यापारिक प्राप्य (देनदार) है।

A Ltd. company which has paid up share capital of ₹ 5,00,000 went into voluntary liquidation on 31st March 2024. The following are the particulars of its assets and liabilities as on that data:

Machinery, stock and trade receivable (Debtors) (Which realised their book value) ₹3,95,000; Cash ₹5,000. Trade payable (Creditors) 2,00,000; 6% debentures carrying a floating charge ₹2,50,000 and interest accrued there on for six months.

The debentures were paid off with interest upto 30th September 2024 on which date a first and final dividend was also paid to the creditor for ₹25,000 were preferential and the rest unsecured. The cost of liquidation amounted to ₹2,500. The liquidator is entitled to 3% on the amount realised and 2% of the amount distributable to the unsecured creditors (Expected preferential creditors) by way of his own remuneration. Prepare the liquidators final statement of account.

❑❑❑❑

Total No. of Questions : 5

Total No. of Printed Pages : 6

Roll No. ..................................

# JD-103

## M. Com., I Semester Examination, December-January : 2025-2026

## INCOME TAX LAW AND ACCOUNTS

### Paper - III

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

---

नोट : **सभी पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न करना अनिवार्य है। सभी प्रश्नों के **अंक समान** हैं।

**Note :** Attempt all the **five** questions. One question from each unit is **Compulsory**. All questions carry **equal marks**.

---

### इकाई–I / Unit–I

1. करमुक्त आय की विचारधारा को समझाइये। आयकर अधिनियम के अधीन स्पष्ट रूप से करमुक्त आय की व्याख्या कीजिए।

Explain the concept of 'Exempted Income'. Discuss clearly the exempted income under the Income Tax Act.

**अथवा / OR**

श्री किशनलाल की गतवर्ष 2024-25 की निम्नलिखित आये है :

| | | रू. |
|---|---|---|
| i) | पाकिस्तान में कृषि से आय | 30,000 |
| ii) | भारत में वेतन प्राप्त किया परंतु सेवा इराक में की गई (गणना की गई) | 12,000 |
| iii) | भारत में व्यापार से आय | 12,000 |
| iv) | एक घरेलु कंपनी से लाभांश (सकल) | 2,000 |

v) बांग्लादेश में बैंक जमा पर कमाई गई तथा प्राप्त की गई ब्याज 6,000

vi) श्रीलंका में व्यापार से आय, जो भारत से नियंत्रित है तथा आय भारत भेज दी गई है 14,000

श्री किशनलाल की कर निर्धारण वर्ष 2025-26 के लिए सकल कुल आय की गणना कीजिए यदि वह :

a) साधारण निवासी है

b) असाधारण निवासी है

c) अनिवासी है

The following are the income of Shri Kishanlal for the previous year 2024-25 :

| | | Rs. |
|---|---|---|
| i) | Income from Agriculture in Pakistan | 30,000 |
| ii) | Salary received in India but the service were rendered in Iraq (Computed) | 12,000 |
| iii) | Income from business in India | 12,000 |
| vi) | Dividend from a Domestic Company (Gross) | 2,000 |
| v) | Interest earned and received in Bangladesh from bank deposits there | 6,000 |
| vi) | Income from business in Sri Lanka but controlled from India and remitted to India | 14,000 |

Compute Shri Kishanlal's Gross total income for the Assessment Year 2025-26 if he is :

a) Ordinarily resident

b) Not ordinarily resident

c) Non resident

## इकाई–II / Unit–II

2. निम्न सूचनाओं के आधार पर श्री महेश की कर निर्धारण वर्ष 2025-26 के लिए वेतन से करयोग्य आय की गणना कीजिए।

i) मूल वेतन रू. 50,000 मासिक

ii) महंगाई भत्ता मूल वेतन का 30%

iii) टेलीफोन भत्ता रू. 500 मासिक

iv) कर्मचारी का स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम नियोक्ता ने दिया रू. 4000

v) कर्मचारी के नीजि उपयोग के लिए नियोक्ता ने सुविधा प्रदान की लैपटाप लागत रू. 60,000 तथा कम्प्यूटर लागत रू. 40,000

vi) घरबार संभालने वाले के वेतन की नियोक्ता ने प्रतिपूर्ति की रू. 24,000

vii) श्री महेश ने नियोजन कर के रू. 2,000 दिये

From the following information compute taxable income from salaries of Shri Mahesh for the Assessment Year 2025-26.

i) Basic salary Rs. 50,000 p.m.

ii) Dearness allowance 30% of basic salary

iii) Telephone allowance Rs. 500 p.m.

iv) Medical insurance premium paid by the employer on the health of employee Rs. 4000

v) Employer provided the facility of Laptop costing Rs. 60,000 and Computer costing Rs. 40,000 for personal use.

vi) Salary of housekeeper reimbursed by employer Rs. 24,000

vii) Shri. Mahesh paid employment tax Rs. 2,000

**अथवा / OR**

मि. X एक मकान का आगरा में स्वामी है। 31 मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए इसका विवरण निम्न प्रकार है :

| | | रू. |
|---|---|---|
| i) | वास्तविक प्राप्त किराया | 4,500 |
| ii) | नगरपालिक मूल्यांकन | 4,200 |
| iii) | कुल नगरपालिक कर | 630 |
| iv) | मि. X द्वारा चुकाया गया नगरपालिका कर | 420 |
| v) | किरायेदार द्वारा चुकाया गया नगरपालिका कर | 210 |
| vi) | मकान के नवीनीकरण के लिए ऋण पर ब्याज | 150 |
| vii) | कर निर्धारण वर्ष 2021-22 में स्वीकृत न वसूल हुआ किराया गतवर्ष में वसूल हो गया | 2,000 |

कर निर्धारण वर्ष 2025-26 के लिए मि. X की मकान संपत्ति शीर्षक की आय निकालिए।

Mr. X is the owner of a house at Agra. Particulars in respect of which for the year ended 31st March 2025 are as below :

| | | Rs. |
|---|---|---|
| i) | Actual rent received | 4,500 |
| ii) | Municipal valuation | 4,200 |
| iii) | Total Municipal Tax | 630 |
| iv) | Municipal Tax paid by Mr. X | 420 |
| v) | Municipal Tax paid the tenant | 210 |
| vi) | Interest on loan is for renewing the house | 150 |
| vii) | Unrealised rent allowed in the Assessment Year 2021-22 recovered during the year | 2,000 |

Compute Mr. X's income from house property for the Assessment Year 2025-26.

## इकाई–III / Unit–III

3. एक व्यापार के करयोग्य लाभों की गणना करने में कौन–कौन से व्यय स्वीकृत हैं तथा यह भी बताइये की कौन–से व्यय अथवा हानियाँ है जो अस्वीकृत है?

Enumerate expenses which are allowed in computing taxable profits of a business and also state expenses or losses which are not admissible.

**अथवा / OR**

श्री. रवि गुप्ता ने निम्नलिखित जानकारियाँ दी :

उन्होंने 2001-02 में स्वयं के निवास के लिए 2 लाख रुपये की लागत से एक मकान बनवाया। यह मकान उन्होंने 1 अगस्त 2024 को 15 लाख रुपये में बेच दिया एवं 1 जनवरी 2025 को 5 लाख रुपये में रहने के लिए एक फ्लैट खरीदा। रजिस्ट्रेशन पर 50,000 रु. स्टांप शुल्क लगा। उन्होंने गतवर्ष में संपत्ति के क्रय विक्रय पर 2% दलाली दी। पूंजी लाभ की गणना कीजिए। यदि नया फ्लैट 15 लाख रुपये में खरीदा जाता तो कर योग्य पूँजी लाभ कितना होता?

Shri Ravi Gupta furnishes the following information :

He built a house in 2001-02 at the cost of Rs. 2 lakh for self residence. On 1st August 2024 he sold his house for Rs. 15 lakh and purchased a new flat on 1st January 2025 for 5 lakh. Stamp fee paid Rs. 50,000 for registration. He paid 2% brokerage on sale and purchase of the property. Compute capital gain. If the new flat is Rs. 15 lakh. How much capital gain shall be taxable.

## इकाई–IV / Unit–IV

4. हानियों को आगे ले जाने तथा उनकी पूर्ति के प्रावधानों को समझाइये।

Explain the provisions regarding carry-forward and set-off of losses.

**अथवा / OR**

एक संयुक्त हिंदू परिवार के कर्ता ने निम्नलिखित विवरण प्रस्तुत किये है। आपको परिवार की कर निर्धारण वर्ष 2025-26 की सकल कुल आय तथा कुल आय की गणना करनी है।

| | | Rs. |
|---|---|---|
| i) | व्यापार से लाभ | 6,52,000 |
| ii) | परिवार के एक सदस्य द्वारा कही अन्य स्थान पर सेवा करने से प्राप्त वेतन | 3,30,000 |
| iii) | कर्ता द्वारा प्राप्त संचालक शुल्क अपने व्यक्तिगत परिश्रम से | 76,000 |
| iv) | किराये पर दी गई संपत्ति का वार्षिक किराया मूल्य | 12,000 |
| v) | नगरपालिक कर चुकाया | 1,000 |
| vi) | लाभांश प्राप्त हुआ | 500 |
| vii) | दीर्घकालिन पूँजी लाभ | 30,000 |
| viii) | अनुमोदित पुण्यार्थ संस्था को चेक द्वारा दान | 70,000 |
| ix) | एक फर्म से लाभ का हिस्सा | 80,000 |

The following details have been supplied by the Karta of a Hindu undivided family. You are required to compute the gross total income and the total income of the family for the Assessment Year 2025-26.

| | | Rs. |
|---|---|---|
| i) | Profits from business | 6,52,000 |
| ii) | Salary received by a member of the family from his service elsewhere | 3,30,000 |
| iii) | Directors fees received by the Karta by his personal exertion. | 76,000 |
| iv) | Annual rental value of the property let out | 12,000 |
| v) | Municipal taxes paid | 1,000 |
| vi) | Dividend received | 500 |
| vii) | Long term capital gain from the transfer of buildings | 30,000 |
| viii) | Donations to an approved charitable institution by cheque | 70,000 |
| ix) | Share of profit from a firm | 80,000 |

## इकाई-V / Unit-V

5. इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल के गठन तथा कार्यों का वर्णन कीजिए।

Describe how the income tax Appellate Tribunal is constituted and discuss its function.

**अथवा / OR**

किन परिस्थितियों में आयकर मुख्य कमिश्नर अथवा कमिश्नर अर्थदण्ड कम अथवा माफ कर सकता है? समझाइए।

Under what circumstances can the principal commissioner or commissioner of income tax reduce or waive penalties? Explain.

□□□□

Total No. of Questions : 5

Total No. of Printed Pages : 4

Roll No. ....................................

# JD-104

## M. Com., I Semester Examination, December-January : 2025-2026

## STATISTICAL ANALYSIS

### Paper - IV

*Time* : Three Hours]

[*Maximum Marks* : 80

[*Manimum Pass Marks* : 16

---

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के **अंक समान** हैं।

**Note :** Attempt **all** questions. All questions carry **equal marks.**

---

### इकाई–I / Unit–I

1. लेखांकन की परिभाषा दीजिए और इसकी प्रकृति एवं क्षेत्र की विवेचना कीजिए।

Define Statistics and discuss in brief its nature and scope.

अथवा / OR

सांख्यिकी पर किस प्रकार अविश्वास उत्पन्न होता है? इससे किस प्रकार बचा जा सकता है?

How distrust is created on Statistics? How can it be avoided?

### इकाई–II / Unit–II

2. प्राथमिक एवं द्वितीयक समंकों से आपका क्या अभिप्राय है? द्वितीयक समंकों को संकलन करने की विभिन्न रीतियों की व्याख्या कीजिए एवं द्वितीयक समंकों का प्रयोग करते समय रखी जाने वाली सावधानियाँ बताइये।

What do you mean by Primary and Secondary Data? Explain the various methods of collecting secondary data and discuss the precautions in the use of secondary data.

अथवा / OR

वर्गीकरण और सारणीयन में अंतर कीजिए। वर्गीकरण के उद्देश्य, उसकी रीतियाँ एवं उसके महत्व की विवेचना कीजिए।

Distinguish between Classification and Tabulation. Discuss the purpose, methods and importances of Classification.

## इकाई–III / Unit–III

3. निम्न आँकड़ों से माध्य एवं प्रमाप विचलन ज्ञात कीजिए।

Calculate mean and standard deviation form the following data:

| तापक्रम<br>Temperature | दिनों की संख्या<br>No. of Days |
|---|---|
| – 40° से (to) – 30° | 10 |
| – 30° से (to) – 20° | 28 |
| – 20° से (to) – 10° | 30 |
| – 10° से (to) – 0° | 42 |
| 0° से (to) 10° | 65 |
| 10° से (to) 20° | 180 |
| 20° से (to) 30° | 10 |

**अथवा / OR**

निम्न आँकड़ों से कार्ल पियर्सन के विषमता गुणांक को ज्ञात कीजिए।

Calculate Karl Pearson's coefficient of skewness from the following data :

| अंक से अधिक<br>Marks above | छात्रों की संख्या<br>No. of Students |
|---|---|
| 0 | 150 |
| 10 | 140 |
| 20 | 100 |
| 30 | 80 |
| 40 | 80 |
| 50 | 70 |
| 60 | 30 |
| 70 | 14 |
| 80 | 0 |

## इकाई-IV / Unit-IV

4. दो पांसे फेंके जाते है

i) दोनों पांसों पर 6 आने की क्या प्रायिकता है?

ii) द्वयक प्राप्त होने की क्या प्रायिकता है?

iii) दोनों पांसों पर आने वाले अंकों का योग 7 से कम होने की क्या प्रायिकता है?

iv) अंकों का योग 3 से कटने वाली संख्या हो, इसकी प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

v) पहली बार 3 और दूसरी बार एक सम संख्या ऊपर आने की क्या प्रायिकता है?

Two dice are thrown

i) What is the probability of 6 on both dice?

ii) What is the probability of getting doubts?

iii) Find the probability that the sum of the numbers on the two dice is less then 7.

iv) Find the probability that the sum of the digits is divisible by three.

v) What is the probability that it falls with number 3 upward in the first throw and with an even number upward in the second throw?

**अथवा / OR**

यदि किसी लीप वर्ष को यादृच्छ्या चुन लिया जाय तो उस वर्ष (i) 53 रविवार और 53 सोमवार (ii) 53 रविवार या 53 सोमवार होने की प्रायकिता क्या होगी?

*Find* the chance that a leap year selected at random will contain (i) 53 Sunday and 53 Monday *(ii)* 53 Sunday or 53 Monday.

## इकाई-V / Unit-V

ार सिक्कों को एक साथ 160 बार उछाला गया और निम्नलिखित परिणाम प्राप्त किए गए :

our coins were tossed 160 times and the following result were obtained :

| शीर्षों की संख्या<br>No. of Heads | आवृत्ति<br>Frequency |
|---|---|
| 0 | 17 |
| 1 | 52 |
| 2 | 54 |
| 3 | 31 |
| 4 | 6 |

इस मान्यता के अन्तर्गत कि सिक्के सुडौल है, 0, 1, 2, 3 एवं 4 चित गिरने कि प्रत्याशित आवृत्तियाँ ज्ञात कीजिए तथा आसंजन की उत्कृष्टता की जाँच करिए।

Under the assumption that the coins are balanced, find the expected frequencies of getting 0, 1, 2, 3 and 4 heads and test goodness of fit.

*P.T.O.*

अथवा / OR

प्रसामान्य आवृत्ति वितरण की विशेषताएं बताइए। सांख्यिकी में इस वितरण को प्रमुख स्थान क्यों प्राप्त है?

List the chief properties of the Normal distribution. Why is the distribution given a central place in statistics?

□□□□

Total No. of Questions : 5

Total No. of Printed Pages : 2

Roll No. ....................................

# JD-105

## M. Com., I Semester Examination, December-January : 2025-2026

## CORPORATE LEGAL FRAMEWORK

### Paper - V

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 80

---

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के **अंक समान** हैं।

**Note :** Answer the **all** questions. All questions carry **equal marks**.

---

### इकाई–I / Unit–I

1. एक कंपनी को परिभाषित कीजिए। कंपनियाँ कितने प्रकार की है? उनका संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

   Define a Company. How many companies are there? Briefly describe them.

**अथवा / OR**

प्रविवरण की परिभाषा दीजिए। क्या प्रत्येक कंपनी के लिए प्रविवरण जारी करना आवश्यक है? संक्षेप में इसकी विषय सामग्री और उद्देश्यों का वर्णन कीजिए।

Define a Prospectus. Is it necessary for every company to issue a prospectus? Briefly describe its constants and objectives.

### इकाई–II / Unit–II

2. वार्षिक साधारण सभा क्या है? इस संबंध में अधिनियम में क्या प्रावधान है? संक्षिप्त में इस सभा में होने वाले कार्य का वर्णन कीजिए।

   What is an Annual General Meeting? What are the provision of the Act in this respect? Briefly describe the business transacted at such a meeting.

**अथवा / OR**

सदस्यों द्वारा ऐच्छिक समापन और ऋणदाताओं द्वारा ऐच्छिक समापन से आप क्या समझते हैं? दोनों में अन्तर बताइये।

What do you understand by member's voluntry winding up and creditors voluntry winding up. Distinguish both winding up.

## इकाई–III / Unit–III

3. विनिमय साध्य विलेख क्या है? इसके आवश्यक लक्षणों का वर्णन कीजिए।

What is a negotiable instrument? Describe the essential characteristics.

**अथवा / OR**

विनिमय विपत्र क्या है? इसकी विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए। यह वचन पत्र से किस प्रकार भिन्न है?

What do you mean by a bill of exchange? Explain its characteristics. How does it differ from a promissory note?

## इकाई–IV / Unit–IV

4. पृष्ठांकन की परिभाषा दीजिए। नेगोशियेबल इंस्ट्रूमेंट के विभिन्न प्रकार के पृष्ठांकनों को उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिये।

Define Indorsement. Explain with illustration the different kinds of indorsements of negotiable instrument.

**अथवा / OR**

चैक के रेखांकन से आप क्या समझते है? विभिन्न प्रकार के रेखांकनों को उपयुक्त उदाहरणों से समझाइये।

What do you understand by the crossing of a cheque? Discuss different kinds of crossing with suitable examples.

## इकाई–V / Unit–V

5. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) क्या है? पूँजी बाजार के नियमन एवं स्वास्थ्य पूँजी बाजार के विकास में इसकी भूमिका की विवेचना कीजिए।

What is Security and Exchange Board of India (SEBI)? Discuss its role in regulatory and developing healthy capital market.

**अथवा / OR**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से क्या आशय है? सेबी के क्या उद्देश्य है?

What do you mean by Security and Exchange Board of India (SEBI)? What is the objects of SEBI.

□□□□